हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 26 जून 2026

11 निर्जला एकादशी पर जगह-जगह लगी छबील...



12 कवि गणपतराम की रचनाएं पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत...



## महेंद्रगढ़ किले के जीर्णोद्धार पर खर्च होंगे 8.5 करोड़, 18 माह में कार्य पूरा करने का लक्ष्य

### लंबे समय से उपेक्षा और प्राकृतिक क्षरण के कारण किले की कई दीवारों में आ गई है दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

अलग खबर

शहर के ऐतिहासिक धरोहर और क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान माने जाने वाले महेंद्रगढ़ किला के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू हो गया हैं। राज्य सरकार ने किले के संरक्षण और पुनर्स्थापन के लिए 8.5 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत किले की मूल ऐतिहासिक संरचना को सुरक्षित रखते हुए उसका पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार पूरे प्रोजेक्ट को 18 महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। परियोजना के पहले चरण में किले के मुख्य द्वार, चारदीवारी तथा बाहरी संरचनाओं के जीर्णोद्धार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

बता दें कि लंबे समय से उपेक्षा और प्राकृतिक क्षरण के कारण किले की कई दीवारों में दरारें आ गई हैं, जबकि मुख्य प्रवेश द्वार के कुछ हिस्से भी कमजोर हो चुके हैं। ऐसे में सबसे पहले इन हिस्सों को मजबूत बनाकर संरक्षित किया जाएगा, ताकि किले की मूल वास्तुकला को नुकसान न पहुंचे। एचएसआरडीसी और निर्माण विशेषज्ञों की देखरेख में होने वाले इस कार्य में पारंपरिक निर्माण तकनीकों का उपयोग किया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि किले की दीवारों पर प्लास्टर के लिए आधुनिक सीमेंट की जगह चूने का प्रयोग किया जाएगा। चूने का प्लास्टर ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण में अधिक उपयुक्त माना जाता है, क्योंकि इससे संरचना की मूल बनावट और स्वरूप बरकरार रहता है। साथ ही यह दीवारों को प्राकृतिक रूप से सांस लेने की क्षमता प्रदान करता है, जिससे नमी और क्षरण की समस्या कम होती है। परियोजना से जुड़े इंजीनियरों का कहना है कि जीर्णोद्धार कार्य शुरू करने से पहले किले का विस्तृत सर्वेक्षण किया गया है। सर्वेक्षण में उन हिस्सों की पहचान की गई है जिन्हें तत्काल संरक्षण की आवश्यकता है। इसके आधार पर चरणबद्ध तरीके से कार्य योजना तैयार की गई है।



महेंद्रगढ़। अधिकारियों से किले के बारे में जानकारी लेती डीसी अनुपमा अंजली। फोटो : हरिभूमि

### पहला चरण

पहले चरण में मुख्य द्वार, सुरक्षा दीवारों और बाहरी हिस्सों को मजबूत किया जाएगा, जबकि बाद के चरणों में किले के भीतर मौजूद अन्य संरचनाओं, गलियारों और ऐतिहासिक अवशेषों का संरक्षण किया जाएगा। स्थानीय प्रशासन का मानना है कि किले के जीर्णोद्धार से न केवल ऐतिहासिक धरोहर का संरक्षण होगा, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। महेंद्रगढ़ क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय व्यापार और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। पर्यटन विशेषज्ञों का कहना है कि यदि किले को व्यवस्थित रूप से विकसित किया जाता है, तो यह दक्षिण हरियाणा के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल हो सकता है।

### किले के जीर्णोद्धार में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यानः डीसी

उपायुक्त अनुपमा अंजली ने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। यह बात डीसी ने महेंद्रगढ़ के किले के निरीक्षण के दौरान कही। उपायुक्त ने कहा कि महेंद्रगढ़ का किला हमारी ऐतिहासिक धरोहर है जिसका जीर्णोद्धार का कार्य 4 फेज में पूरा होगा। उन्होंने कहा कि किले में खाली पड़े भाग में स्टेज बनाने का प्रपोजल तैयार किया जाए, ताकि यहा सांस्कृतिक कार्यक्रम और मेलो का आयोजन किया जा सके। उन्होंने किले के आस पास कचरा डालने वालो के ख़िलाफ कार्रवाई करने और किले की चारदीवारी के आसपास पड़े कचरे को साफ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला में महेंद्रगढ़ का किला, माधोगढ़ किला, जल महल, छत्ता राय बालमुकुंद दास जैसी कई ऐतिहासिक धरोहर हैं। इसके अलावा भी कई ऐतिहासिक धरोहर इस जिले में है। कई नेशनल तथा स्टेट हाईवे से कनेक्टिविटी होने के बाद अब यहां पर पर्यटन की बहुत अधिक संभावनाएं हैं। उन्होंने एचएसआरडीसी के अधिकारियों को मरम्मत कार्य में गुणवत्ता लाने के निर्देश दिए। एचएसआरडीसी के डीजी एम आदित्य देशवाल ने बताया कि किले की मरम्मत में दीवारों पर किए जा रहे प्लास्टर के लिए चूने का ही प्रयोग किया जा रहा है ताकि दीवारों को असली रूप दिया जा सके। पहले चरण में करीब 8.5 करोड़ की लागत से किले के मुख्य द्वार व चारदीवारी का जीर्णोद्धार किया जाएगा। जिसके लिए 18 माह की अवधि निर्धारित है। इसके बाद उपायुक्त ने सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया और महिलाओं से बात की। उपायुक्त ने नगर पालिका सचिव को शौचालयों की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इस मौके पर उनके साथ महेंद्रगढ़ के एसडीएम योगेश सैनी, नगर पालिका सचिव प्रशांत परासर भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण चौकीदारों की बैठक 29 को

**नारनौल।** हरियाणा ग्रामीण चौकीदार यूनियन की बैठक 29 जून को होगी। बैठक के बाद ग्रामीण चौकीदार उपायुक्त के माध्यम से मांगों व समस्याओं के लेकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज शोभापुर करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक 29 जून सुबह साढ़े नौ बजे लघु सचिवालय पार्क में होगी।

### जन परिवेदना समिति की बैठक 30 को

**नारनौल।** उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल आगामी 30 जून को शाम पांच बजे लघु सचिवालय के नजदीक सभागार में जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक लेंगे। इसमें पहले से निर्धारित मामले सुनवाई के लिए रखे जाएंगे, जिनका संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर से समाधान किया जाएगा।

### आशियाने के लिए उपलब्ध कराई सीमेंट

**कनीना।** कनीना में कार्यरत सामाजिक संस्था श्रीश्याम मित्र मंडल ने मानवता व सहयोग की मिसाल पेश की है। अनाज मंडी स्थित प्राचीन शिव मंदिर की सेवादार सीमा देवी के आशियाने के लिए 61 कट्टे सीमेंट प्रदान की है। जिसे लेकर जरूरतमंद परिवार ने राहत महसूस की है। संस्था के प्रधान अनिल गर्ग ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की मदद करना हर नागरिक का नैतिक दायित्व है। इस सहयोग पर सीमा देवी ने उनका आभार जताया है। इस मौके पर बाबूलाल, रविंद्र बंसल, विनोद मित्तल, सचिन शर्मा, मोहित जेलदार, हेमंत, सोनू मित्तल, मुकेश सिंगला मौजूद थे।

### सीएम फ्लाइंग व सीआईडी टीम ने संयुक्त रूप से किया औचक निरीक्षण

## 14 आंगनबाड़ी केंद्रों पर लटके मिले ताले, दफ्तर से 4 कर्मी अनुपस्थित

- अधिकांश केंद्रों पर कागजों में पौष्टिक भोजन बनने और वितरण होने की सूचना पर लिया संज्ञान
- विभागीय सुपरवाइजरों की लचर कार्यशैली से बढ़ रही अव्यवस्था

*▶▶ नांगल चौधरी ब्लॉक में 213 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है, जिनमें नवजात शिशु व गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक भोजन तथा विभिन्न चेकअप सुविधा देने का प्रावधान है। किंतु बीते कई महीनों से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पौष्टिक भोजन वितरण में अनियमिताएं मिलने की शिकायतें सर्तकता विभाग को मिल रही थी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता और सर्तकता विभाग की संयुक्त टीम ने निरीक्षक सत्येंद्र सिंह की अगुवाई में आंगनबाड़ी केंद्रों व कार्यालय पर औचक छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान करीब 14 केंद्रों पर ताले लटके मिले। यहीं नहीं, कार्यालय में चार कर्मचारी बिना सूचना के अनुपस्थित भी मिले हैं। दफ्तर में लगभग तीन घंटे तक रिकार्ड का अवलोकन किया गया। इनमें विभिन्न अनियमिताओं की पुष्टि हुई है। छापेमार टीम ने कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजने का निर्णय लिया है।

आपको बता दें कि नांगल चौधरी ब्लॉक में 213 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है, जिनमें नवजात शिशु व गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक भोजन तथा विभिन्न चेकअप सुविधा देने का प्रावधान है। केंद्रों पर आंगनबाड़ी वर्कर के साथ हेल्पर की नियुक्ति की गई है ताकि पंजीकृत बच्चों व महिलाओं को पौषक आहार नियमित मिलता रहे। किंतु नांगल चौधरी ब्लॉक में बीते कई महीनों से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पौष्टिक भोजन वितरण में अनियमिताएं मिलने की शिकायतें सर्तकता विभाग को मिल रही थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए बुधवार की शाम औचर छापेमारी की योजना बनाई तथा कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित करके पांच टीमों का गठन किया।



नांगल चौधरी। सीडीपीओ कार्यालय में रिकार्ड का अवलोकन करते हुई सीएम फ्लाइंग। फोटो : हरिभूमि

### यूं शुरू किया औचक निरीक्षण, मिले ताले लटके

*टीम ने वीरवार सुबह 9:15 बजे केंद्रों पर छापेमारी शुरू की। सबसे पहले तोताहेड़ी सेंटर पर दबिश दी। यहां ताला लटका मिलने पर टीम ने फोटोग्राफी की तथा कोजिंदा में औचक निरीक्षण किया। एक के बाद एक करके 14 केंद्रों पर दबिश दी, किंतु ताले लटके मिले।*



नांगल चौधरी। कार्रवाई के बाद रवाना होती हुई सीएम फ्लाइंग। फोटो : हरिभूमि

### स्टाक की खानापूर्ति के लिए सेंटरों पर लटकाया ताला

सूत्रों की मानें तो सुबह 10 बजे तक आंगनबाड़ी केंद्र वर्करों को छापेमारी की भनक लग चुकी थी। उन्होंने आनन-फानन में स्टाक रजिस्ट्र को कंप्लीट करना आरम्भ कर दिया। अंदरूनी सूत्रों का मानना है कि कई सेंटरों पर गर्भवती महिला व बच्चों के सैकड़ों पंजीकरण हैं, लेकिन उनके लिए केवल कागजों में ही राशन तैयार होता है। क्योंकि बच्चों व महिलाओं की उपस्थिति लगभग शून्य रहती है। ऐसे में सीएम फ्लाइंग की छापेमारी में स्टाक व कागजों में फर्जी उपस्थिति का भंडाफोड़ हो सकता था।

### सीडीपीओ कार्यालय में जांचे दस्तावेज

इसी कारण टीम करीब 10:30 बजे सीडीपीओ कार्यालय में पहुंची। यहां सबसे पहले उपस्थिति रजिस्ट्र को कब्जे में लिया तथा छानबीन आरंभ की। इस दौरान चार कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जिनकी रिपोर्ट तैयार की गई। इसके बाद कार्यालय अधीक्षक से आंगनबाड़ी केंद्र वाइज स्टॉक रजिस्ट्र मांगा, लेकिन रजिस्ट्र भी अपडेट नहीं मिलने की सूचना है। कार्यालय से भोजन का मीनू चार्ट लेकर पात्र गर्भवती महिलाओं से पूछताछ की गई। जिसमें विभागीय आदेशों की अवहेलना होने की पुष्टि हुई है। एक टीम कार्यालय में जांच पड़ताल में जुटी रही। दूसरी तरफ अन्य चार टीमों ने शहर की आरा मशीनों पर दबिश दी। जिसमें अवैध स्टॉक व हरे पेड़ों की कटाई होने की पुष्टि हुई है। टीम ने मामले की गहनता से छानबीन के लिए विभागीय अधिकारियों को कार्यालय में तलब किया है।

### रिकार्ड व स्टाक की हो रही जांच

छापेमार टीम के इंचार्ज निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने बताया कि सीएम फ्लाइंग व सर्तकता विभाग की संयुक्त टीम ने 14 आंगनबाड़ी केंद्रों पर औचक छापेमारी की है, सभी तक तला लटका हुआ मिला है। इसके बाद कार्यालय में दाबिश दी गई, यहां भी चार कर्मचारी अनुपस्थित पाए हैं। रिकार्ड व स्टाक की जांच चल रही है, उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजकर कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।

### पांच ब्लॉकों का चार्ज होने से बढ़ी अव्यवस्था

सीडीपीओ राधा यादव ने बताया कि मूल रूप से रेवाड़ी पोस्टेड हूं, लेकिन महेंद्रगढ़ जिले में सीडीपीओ की सभी पोस्ट रिक्त हैं। इसलिए पांच ब्लॉकों का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। वर्कलोड ज्यादा होने के कारण फील्ड व दफ्तर का काम सुचारू रूप से नहीं देख पाती। दफ्तर व सेंटरों पर सीएम फ्लाइंग के छापेमारी की सूचना मिली है। अवकाश पर होने के कारण कार्यालय नहीं पहुंच पाई। उन्होंने कहा कि लापरवाही के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना अनिवार्य है।



महेंद्रगढ़। एसपी का स्वागत करते व्यापार मंडल के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## एसपी दीपक ने व्यापार मंडल की ली बैठक

**महेंद्रगढ़।** एसपी दीपक कुमार ने वीरवार को व्यापार मंडल की बैठक ली, जिसमें व्यापार मंडल महेंद्रगढ़ के प्रधान सुरेंद्र बंटी के नेतृत्व में हलवाई यूनियन के प्रधान लक्ष्मी नारायण सैनी, स्वर्णकार संघ प्रधान लखीराम सोनी, किरयाना एसोसिएशन प्रधान कन्हैया लाल पंसारी, टेलर संघ प्रधान बृजलाल रोहिल्ला, ब्राह्मण सभा प्रधान, दवाई विक्रेता दिनेश वैध, पंजाबी सभा प्रधान, कपड़ा विक्रेता गोपी अरोड़ा, बार यूनियन प्रधान महावीर सैन, फर्नीचर विक्रेता संघ प्रधान राजेश गोयल, अनिल तिवाड़ी, विनोद गोयल पेट्रोल पंप, सुरेश राजस्थानी, राजकुमार जिंदल, मनोज जेरपुरिया, सतबीर यादव भगत, दीपक महाशय, नवीन शर्मा, नरेश जोशी, हंसराज सोनी, रतनपाल, राजेंद्र भारद्वाज, योगेश हलवाई, ललित यादव, मोई गुज्जर, चिमन सैनी, अश्वनी पार्षद, देवेंद्र सोनू सैनी पार्षद, सरपंच सहित अनेक व्यापारी मौजूद थे। पुलिस की तरफ से एएसपी फैजल खान, थाना प्रबंधक शहर पंकज सिंह, थाना सदर महेंद्रगढ़ रमेश कुमार, समस्त जांच अधिकारी सहित पूरा पुलिस स्टाफ मौजूद था।

## किसान गोरक्षक सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष बने अरूण कौशिक



**नारनौल।** किसान गोरक्षक सेवा दल परिवार का प्रदेश अध्यक्ष अरुण कौशिक को दायित्व सौंपा गया है। वे पूर्व उपखंड अधिकारी रह चुके हैं तथा जीव-जंतु कल्याण बोर्ड, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार के सम्मानित सदस्य भी रहे हैं। इसके साथ ही वे वर्तमान में हरियाणा में 10 गोशालाओं का सफल संचालन एवं संरक्षण कर रहे हैं तथा गोसेवा, पशु कल्याण और समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। उनके प्रशासनिक अनुभव, संगठनात्मक क्षमता, गोभक्ति एवं जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए किसान गोरक्षक सेवा दल द्वारा उन्हें हरियाणा प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस संबंध में नवनियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष अरूण कौशिक ने बताया कि प्रदेश में गो संरक्षण, गोसंवर्धन, किसान हित एवं पशु कल्याण के कार्यों को नई गति देने और संगठन जन-जन तक अपनी सेवाओं का विस्तार करने का पूरा प्रयास करेंगे।

## वीएलडीए के साथ मारपीट मामले में मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिले वीएलडीए (वेटरनरी लाइवस्टॉक डेवलपमेंट असिस्टेंट) की एक आकस्मिक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान विक्रम सिंह ने की। बैठक के उपरांत उप निदेशक पशुपालन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि करनाल जिले में वैक्सीनेशन के दौरान एक बछड़े की मृत्यु होने के बाद वीएलडीए सुरेंद्र सिंह पर पशु मालिक की ओर से जानलेवा हमला किया गया। इस हमले में सुरेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें आईसीयू में भर्ती कराना पड़ा।

आरोप है कि हमलावरों ने उनके दोनों हाथ तोड़ दिए, पसलियों में गंभीर चोटें पहुंचाई तथा सिर पर हथियारों से हमला किया। वीएलडीए वर्ग ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सिरसा जिले में वैक्सीनेशन कार्य के दौरान कथित मानसिक दबाव के कारण जान गंवाने वाले वीएलडीए अशोक कुमार मामले में भी जिम्मेदार उच्च अधिकारियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि वीएलडीए वर्ग अपनी क्षमता से अधिक कार्य कर रहा है। इसके बावजूद विभाग की ओर से सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।



नारनौल। ज्ञापन सौंपते वीएलडीए। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारियों की ओर से बनाया जा रहा है दबाव

वीएलडीए प्रतिनिधियों ने बताया कि मुंहखुर और गलघोंटू रोगों के टीकाकरण अभियान शुरू होने से पहले भी विभिन्न कमियों को लेकर चार दिनों तक अभियान स्थगित रखा गया था। उनका कहना है कि सरकार की ओर से लिखित निर्देश जारी किए जाने के बावजूद उच्च अधिकारियों द्वारा अनावश्यक और गैरजरूरी दबाव बनाया जा रहा है। इन मांगों को लेकर जिले के सभी वीएलडीए ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर वेटरनरी सर्विसेज एसोसिएशन जिला महेंद्रगढ़ के सदस्य सुशील कुमारए यशपाल सिंहए केंद्रीय समिति सदस्य संजीव नाहरियाए पूर्व जिला प्रधान नरेश यादवए जसवंत सिंहए विरेंद्र सिंहए सत्यनारायणए कुलदीप सिंह सहित जिले के अनेक वीएलडीए उपस्थित रहे।

### बिजली बिल शिकायत निवारण शिविर आज

**नारनौल।** उपभोक्ताओं की बिजली बिल संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए विशेष सुनवाई शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया जाएगा। यह शिविर बिजली बोर्ड के मंडल कार्यालय में सुबह 10 बजे से 11 बजे तक चलेगा, जिसमें शहरी व ग्रामीण उपभोक्ता अपनी बिजली बिल संबंधी समस्याएं दर्ज करवा सकेंगे। कोई भी आमजन ऑफिस में एक प्रार्थना पत्र व बिल की कॉपी के तहत यह अपील कर सकता है तथा अपने बिल संबंधी पक्ष रख सकता है।

## कमल रोहिल्ला पुनः बने एबीवीपी जिला संयोजक

**सतनाली मंडी।** ग्राम श्यामपुरा निवासी कमल रोहिल्ला को पुनः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषदका जिला संयोजक मनोनीत किया गया है। कमल रोहिल्ला ने बताया कि उन्हें यह दायित्व आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ में बुधवार को सम्पन्न अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग में एबीवीपी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील मेहता ने नवीन संगठनात्मक घोषणाएं करते हुए सौंपा। जिले में डॉ. अविनाश यादव को जिला प्रमुख व कमल रोहिल्ला को पुनः जिला संयोजक का दायित्व सौंपा। कमल रोहिल्ला इससे पूर्व राजकीय महाविद्यालय सतनाली इकाई अध्यक्ष एवं प्रांत कार्यकारिणी सदस्य के रूप में संगठन की जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। दायित्व ग्रहण करने के उपरांत कमल रोहिल्ला ने कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन वे पूर्ण ईमानदारी, समर्पण एवं राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ करेंगे।



### रिपोर्ट नहीं भेजने पर माना जाएगा 'शून्य', नोडल अधिकारी या विभाग के अधिकारी व्यक्तिगत रूप से होंगे उत्तरदायी

## प्रदेश के स्कूलों में खुलेंगी 500 नई योगशालाएं

**»** *एससीईआरटी ने शिक्षा निदेशालय को सौंपी रिपोर्ट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में योग और खेल को बढ़ावा देने के लिए बड़ी योजना पर सरकार काम कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई मांगों के तहत प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के स्कूलों में 500 नई योगशालाएं स्थापित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

इस योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा ने सक्रियता दिखाई है। एससीईआरटी के अतिरिक्त निदेशक की ओर से 19 जून को विद्यालय शिक्षा निदेशालय को एक आधिकारिक पत्र जारी किया गया है। इस पत्र में स्पष्ट किया गया है कि स्कूलों के भीतर किसी भी प्रकार की योगशाला या संस्था स्थापित करने का अंतिम अधिकार स्कूल शिक्षा निदेशालय हरियाणा के अधिकार क्षेत्र में आता है। इसलिए एससीईआरटी ने निदेशालय से अनुरोध किया है कि वे उपलब्ध नियमों और प्रावधानों पर व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करें और अपना अंतिम निर्णय साझा करें।

### तय समय सीमा में मांगी गई है रिपोर्ट

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से इस मामले में सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। सभी संबंधित विभागों से कहा गया है कि वे तय समय सीमा के भीतर अपनी संभाव्यता रिपोर्ट प्रस्तुत करें। यदि किसी विभाग की ओर से समय पर रिपोर्ट नहीं आती है, तो उसे 'शून्य' माना जाएगा और इसके लिए संबंधित नोडल अधिकारी या विभाग के जिम्मेदार अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस मामले को अत्यंत महत्वपूर्ण और जरूरी श्रेणी में रखा है।

### प्रातःकाल में लगेंगी योग कक्षाएं बाद में खिलाड़ी करेंगे उपयोग

प्राप्त विवरण के अनुसार इन 500 नई योगशालाओं को स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्थापित करने की मांग की गई है। योजना के मुताबिक इन योगशालाओं में सुबह 5 बजे से लेकर 7 बजे तक योग संस्थाओं द्वारा योग सत्र संचालित किए जाएंगे। इसके बाद स्कूल समय में और स्कूल के पश्चात इन परिसरों का उपयोग योग संस्थान, खेल नर्सरी और स्थानीय खिलाड़ियों द्वारा अपनी खेल गतिविधियों के लिए किया जा सकेगा।

**खबर संक्षेप**



नारनौल। साइबर क्राइम के बारे में जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

**नारनौल।** पुलिस की ओर से आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से साइबर थाना ने साइबर जागरूकता कार्यक्रम व साइबर राहगीर रैली का आयोजन किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया और सभी उपस्थित लोगों से पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने का आह्वान किया गया। यह रैली साइबर थाना से शुरू होकर महावीर चौक तक निकाली गई, जिसमें एएसपी फैजल खान व अन्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ विद्यार्थियों, महिलाओं, युवाओं तथा गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।



मंडी अटेली। ज्योति यादव को सम्मानित करते कुलदीप यादव। फोटो : हरिभूमि

## नावदी की बेटी ज्योति यादव का भव्य सम्मान

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव नावदी की बेटी ज्योति यादव के बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) में पंचायत राज अधिकारी के पद पर चयनित होने पर गांव में भव्य स्वागत व अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई और ग्रामीणों ने बेटी की सफलता को गर्व का क्षण बताया। ज्योति यादव सुबह छह बजे दिल्ली से रवाना होकर जैसे ही अटेली पहुंची, उनका जोरदार स्वागत किया गया। सतीश डीएसपी के नेतृत्व में नगर पालिका चेयरमैन संजय गोयल, सुजापुर के सरपंच सतवीर, धर्मेंद्र वशिष्ठ, राजेंद्र लाम्बा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों और क्षेत्र की माताओं-बहनों ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। गांव पहुंचने पर ज्योति यादव ने बाबा दाता साहब मंदिर में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया।

# निर्जला एकादशी पर जगह-जगह लगी छबील, लोगों ने किया धर्म-पुण्य का कार्य

## महिलाओं ने मंदिरों में चढ़ाईं पानी की मटकियां, बांटे तरबूज व खरबूजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव का अनूठा संगम देखने को मिला। भीषण गर्मी के बीच विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा संगठनों द्वारा जगह-जगह पानी की छबील लगाकर राहगीरों को शीतल जल, शरबत और फल वितरित किए गए। वहीं महिलाओं ने मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा भगवान को पानी से भरी मटकियां, तरबूज और खरबूजे अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

निर्जला एकादशी को हिंदू धर्म में विशेष महत्व दिया जाता है। मान्यता है कि इस दिन विधि-विधान से व्रत रखने और जरूरतमंदों को जल तथा खाद्य सामग्री का दान करने से अनेक यज्ञों के समान पुण्य प्राप्त होता है। इसी मान्यता के चलते सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना कर धर्म लाभ अर्जित किया। शहर के प्रमुख मंदिरों में महिलाओं की विशेष भीड़ देखने को मिली। महिलाओं ने सिर पर पानी से भरी मटकियां लेकर मंदिरों में पहुंचकर उन्हें भगवान को समर्पित किया।





महेंद्रगढ़। राहगीरों को मीठा पानी पिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### मीठे पानी की छबील लगाई

वहीं शहर के विकेटश्वर महादेव सीद्ध शक्ति पीठ जूना अखाड़ा की तरफ से भी मीठे पानी की छबील लगाई गई। पुजारी महंत मनोज गिरी महाराज, दीपक यादव, हिमांशु बेरी, राजेंद्र यादव, हेमंत यादव ने आने जाने वाले राहगीरों को मीठा पानी पिलाया। महंत मनोज गिरी महाराज ने कहा कि इस दिन बिना जल के व्रत रखकर भगवान विष्णु की आराधना की जाती है। इस तड़पती गर्मी में प्यासे को पानी या शीतल पेय पिलाना और दान-पुण्य करना सबसे बड़ा मानव धर्म है। सेवा का संकल्प अटूट है, मानवता ही हमारा धर्म है, प्यासे को शीतल जल मिल जाए, यही सबसे बड़ा कर्म है।

### बुचौली रोड पर बांटा प्रसाद

**महेंद्रगढ़।** जेठ मास की भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच शहीद भगत सिंह युवा संगठन जन कल्याण एवं जीवदया फाउंडेशन ने मानवता की सेवा में एक सराहनीय कदम उठाया है। संगठन द्वारा निर्जला एकादशी के पावन और पवित्र पर्व पर बुचौली रोड पर 14वें विशाल प्रसाद वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर मार्ग से गुजरने वाले आम राहगीरों, वाहन चालकों और जरूरतमंदों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए गुरुजी दूध ठंडाई की विशेष छबील लगाई गई। संगठन के मुख्य संचालक विकास शर्मा बुचौली ने कहा कि इस दिन बिना जल के व्रत रखकर भगवान विष्णु की आराधना की जाती है। विकास शर्मा बुचौली ने बताया कि उनका यह संगठन केवल धार्मिक आयोजनों तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवदया और जन कल्याण के अन्य सामाजिक कार्यों में भी साल के 365 दिन निरंतर अपनी जिम्मेदारी निभाता आ रहा है। इस छबील व धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में बुचौली गवर्नमेंट हाई स्कूल के प्रधानाचार्य धर्मवीर ने सेवादारों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में नवीन सैनी, सोनू शर्मा बुचौली, सरजीत सिंह, कमलप्रीत महेंद्रगढ़, ऋतिक बुचौली, प्रिंस शर्मा, झलक शर्मा, पवन जड़वाल पाली और दीपक आदि संगठन के समर्पित सदस्यों ने सुबह से लेकर शाम तक तत्परता से अपनी ड्यूटी निभाई।

### परिवार की मंगलकामना के लिए प्रार्थना की

मंदिरों में पूजा-अर्चना का क्रम देर शाम तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु के जयकारे लगाए और परिवार की मंगलकामना के लिए प्रार्थना की। कई महिलाओं ने सामूहिक रूप से भजन गाए और धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया। बच्चों और युवाओं ने भी सेवा कार्यों में सहयोग देकर सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। निर्जला एकादशी के अवसर पर हुए धार्मिक एवं सेवा कार्यों ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। जल सेवा, फल वितरण और पूजा-अर्चना के माध्यम से लोगों ने धर्म-पुण्य का कार्य करते हुए समाज में भाईचारे, सेवा और सद्भाव का संदेश दिया।



नारनौल। निर्जला एकादशी पर महिला को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सेका में राहगीरों को पिलाया बादाम शेक

**नारनौल।** निर्जला एकादशी के अवसर पर गांव सेका में युवा शक्ति फाउंडेशन की ओर से जल छबील व बादाम शेक सेवा का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी और लू के बीच राहगीरों, वाहन चालकों व स्थानीय नागरिकों को ठंडा, मीठा एवं पौष्टिक बादाम शेक वितरित कर राहत प्रदान की गई। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज हित के कार्य जनसहयोग से ही सफल होते हैं और सहयोग देने वाले प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान करना संस्था का नैतिक दायित्व है। यह आयोजन केवल एक छबील तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक समरसता, महिला सशक्तिकरण, युवा ऊर्जा और सामुदायिक एकता का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरा। गांव के लोगों ने संकल्प लिया कि भविष्य में भी ऐसे सेवा और जनहित के कार्य निरंतर जारी रखे जाएंगे।



मंडी अटेली। सिहमा में निर्जला एकादशी पर राहगीरों को मीठा शरबत पिलाते हुए।

## सिहमा में राहगीरों को पिलाया मीठा शरबत

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांवों में निर्जला एकादशी का पर्व श्रद्धा, आस्था और सेवा भाव के साथ मनाया गया। भीषण गर्मी के बीच इस पावन मौके पर जगह-जगह छबीलें लगाकर राहगीरों को मीठा शरबत पिलाया गया। सुबह से लेकर सायं तक लोगों की आवाजाही के बीच सेवा कार्य लगातार जारी रहा। जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। खंड सिहमा में भी ग्रामीणों, दुकानदारों, सामाजिक तथा धार्मिक संस्थाओं ने विशेष रूप से छबील का आयोजन किया। सिहमा के वेदकर्ण सोनी ने बताया कि उनके परिवार में यह सेवा परंपरा तीन पीढ़ियों से चली आ रही है। सबसे पहले उनके दादा जगन प्रसाद ने यह कार्य शुरू किया। इसके बाद पिता लक्ष्मी नारायण ने इसे आगे बढ़ाया और अब वे स्वयं इस परंपरा को निभा रहे हैं।



नारनौल। ठंडा जल पिलाते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## बच्चों ने लगाई छबील

**नारनौल।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों की ओर से मोहल्ला न्यू कॉलोनी जमालपुर स्थित महाराष्ट्र बैंक के सामने ठंडे शरबत की छबील लगाई गई। डॉ. राहुल शर्मा ने बताया कि बच्चों ने पॉकेट मनी से पैसे बचाकर राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया। इनके इस नेक कार्य की समस्त मोहल्ला वासियों ने बहुत सराहना की व बच्चों ने समाज को भी इस गर्मी में सबकी मदद करने का संदेश दिया। इस मौके पर सुदेश शर्मा, मनीष, तन्मय, आदित्य, राघव, यश, वंश, गिवेश आदि उपस्थित थे।

# भाविप ने लगाई प्रदूषण मुक्त छबील

**नारनौल।** निर्जला एकादशी पर्व के उपलक्ष्य पर वीरवार को भारत विकास परिषद की ओर से शहर में प्रदूषण मुक्त छबील लगाकर राहगीरों को शीतल शरबत पिलाई गई। परिषद के इस आयोजन की खास बात यह रही कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्लास्टिक का पूर्ण बहिष्कार किया गया और सभी को स्टील के गिलास में शुद्ध एवं स्वच्छ जल वितरित किया गया। इस मौके पर परिषद अध्यक्ष मुकेश जैन, सचिव संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष भगत सिंह सैनी, सेवा प्रकल्प संयोजक पवन यादव, कार्यक्रम के संयोजक रामोतार सैनी, परिषद के क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव महेंद्र शर्मा, पवन अरोड़ा, अशोक शर्मा, कविन्द्र सचदेवा, लक्ष्मी सचदेवा, सुभाष कश्यप, ओमप्रकाश अरोड़ा, अशोक सिंघल, अश्वनी कटारिया, विजय जिंदल, महेन्द्र शर्मा, धीरज भयाना, राजकुमार चौधरी, गणेश सैनी, भगत सिंह सैनी, कुलभूषण शर्मा, हितेंद्र बोहरा, एडवोकेट राजकुमार यादव, भीम शर्मा, राकेश शर्मा, सुभाष सिंघला, सुनील चुघ, देवेन्द्र कुमार वर्मा, नवीन गुप्ता, संजय शर्मा, राहुल वर्मा, विक्रम यादव, नरेंद्र मिस्त्री, अशोक सैनी, भूरूराम, राजू, सुभाष, हंसराज, दिनेश सैनी, घनश्याम दास आदि मौजूद थे।



नारनौल। निर्जला एकादशी पर शीतल जल पिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। चारा लेकर परिवार के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## निर्जला एकादशी पर गोशालाओं में दिया चारा

**नारनौल।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर अतर सिंह यादव व पत्नी रामरति यादव फरीदाबाद तथा रामू चौधरी ट्रांसपोर्ट वाले की ओर से गोसेवा मंडल के सहयोग से क्षेत्र की पांच गोशालाओं में लगभग 80 क्विंटल हरे चारे की सेवा अर्पित की गई। यह सेवा गोपाल गोशाला, श्री अनाथ गोशाला, श्री उपचार गोशाला, श्री कृष्ण प्रणामी गोशाला व भालखी गोशाला में संपन्न हुई। गोसेवा मंडल के संस्थापक मुकेश वालिया व प्रधान सतपाल यादव ने कहा कि गोसेवा हमारी संस्कृति, आस्था और मानवता का आधार है। श्री उपचार गोशाला के प्रधान गंगाराम ने अतर सिंह यादव परिवार का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राजेश यादव, रमेश यादव, दलीप यादव, गजेंद्र नंबरदार, प्रतिभा यादव व उनके परिवार के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# निर्जला एकादशी पर निकली 1100 मीटर लंबी ऐतिहासिक ध्वज यात्रा



महेंद्रगढ़। यात्रा निकालते हुए तथा भक्तों का स्वागत करती डॉक्टर अर्चना ठाकुर।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

- विश्व रिकॉर्ड की ओर बढ़ा पाली धाम

निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर धर्मनगरी पाली स्थित संत बाबा जयरामदास महाराज की स्मृति में आयोजित विश्व की सबसे बड़ी ध्वज यात्रा गुरुवार को श्रद्धा, भव्यता एवं अनुशासन के साथ संपन्न हुई। बालाजी मंदिर, राव तुलाराम चौक से प्रारंभ होकर बाबा जयरामदास धाम पाली तक निकाली गई इस ऐतिहासिक यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सीसोठ, पालड़ी, भगड़ाना और अन्य गांव के लोगों ने मिलकर यात्रा का स्वागत किया और सभी श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की। यात्रा की विशेषता 1100 मीटर लंबी विशाल भगवा ध्वजा रहीं, जिसे श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से अपने कंधों पर धारण कर लगभग सात किलोमीटर के मार्ग पर श्रद्धा और भक्ति के साथ यात्रा पूर्ण की। गांव मानहेरू जिला चरखी दादरी से मिल्खा सिंह एवं उसकी टीम 56 किलोमीटर यात्रा तय करके इस यात्रा में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के संयोजक एवं पाली सरपंच देशराज फौजी रहे।

## सीयूईटी गणित में 100 पर्सेंटाइल हासिल करने वाली प्रेरणा का आईआईटी धनबाद में चयन



**महेंद्रगढ़।** मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा प्रेरणा ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। प्रेरणा ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट सीयूईटी 2026 में गणित विषय में 100 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि आईआईटी धनबाद में चयनित होकर अपने परिवार और पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। उसकी इस दोहरी सफलता से विद्यालय परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल है। प्रेरणा की सफलता की सूचना मिलते ही विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और प्रबंधन सदस्यों ने उसे बधाई दी। छात्रा की उपलब्धि को विद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताते हुए सभी ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रेरणा ने गणित जैसे चुनौतीपूर्ण विषय में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि सही दिशा में निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास के साथ बड़े से बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। प्रेरणा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा नियमित और योजनाबद्ध अध्ययन को दिया। उसने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान उसने समय का सही प्रबंधन किया, विषयों की मूलभूत अवधारणाओं को मजबूत किया और लगातार अभ्यास पर ध्यान केंद्रित किया। प्रेरणा के अनुसार, सफलता के लिए केवल लंबे समय तक पढ़ाई करना ही पर्याप्त नहीं है।

# 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को साकार करने में युवाओं की अहम भागीदारी

- आरपीएस महेंद्रगढ़ में राष्ट्रीय एकता शिविर के दूसरे दिन की योग से शुरुआत
- लघु भारत के मंच से गूंजा विविधता में एकता का संदेश




महेंद्रगढ़। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि




महेंद्रगढ़। डीसी का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शिक्षा सदन पंचकूला के निदेशालय उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित सात दिवसीय राज्य प्रायोजित राष्ट्रीय एकता शिविर के दूसरे दिन देश के कोने-कोने से आए युवाओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। दूसरे दिन शिविर में डीसी अनुपमा अंजली मुख्यातिथि, जबकि अध्यक्षता आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने की।

केंद्रीय विवि के एनएसएस समन्वयक डॉ. दिनेश चहल, प्रदेश नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार शर्मा, जिला नोडल अधिकारी चरण सिंह बड़ेसरा व प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। यूथ फॉर माय भारत एवं यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी थीम पर आधारित इस महासंगम में देश के 11 राज्यों दिल्ली, गुजरात, बिहार, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और हरियाणा के पांच जिलों से आए करीब 200 स्वयंसेवक और 20 कार्यक्रम अधिकारी भाग ले रहे हैं। शिविर के दूसरे दिन का आगाज प्रातः कालीन सत्र में योग अभ्यास के साथ हुआ। डीसी अनुपमा अंजली ने परिसर में पौधरोपण किया और सभी प्रतिभागियों को पर्यावरण को बचाने व संवर्धित करने का संदेश दिया। उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर युवाओं को 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को साकार करने की प्रेरणा देते हैं। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने स्वयंसेवकों से सीधा संवाद किया। उन्होंने शिविर के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए युवाओं को भारतीय संस्कार और संस्कृति का पाठ पढ़ाया। डॉ. राव ने संस्था की ओर से कार्यक्रम में पहुंची डीसी अनुपमा अंजली का विशेष आभार व्यक्त किया।

### एसडीएम ने अधिकारियों को पूरी पारदर्शिता के साथ राष्ट्रीय कार्य को समय पर पूरा करने की हिदायत दी

# बीएलओ और सुपरवाइजर को दिया प्रशिक्षण, मतदाता सूची का शेड्यूल जारी

सभी कर्मचारियों को कार्य में तेजी लाने और शुद्धता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारत निर्वाचन आयोग व उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपमा अंजली के दिशा-निर्देशानुसार वीरवार को पंचायत भवन में निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम अनिरुद्ध यादव की अध्यक्षता में 70-नारनौल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सुपरवाइजरों और बीएलओ को मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। एसडीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ इस राष्ट्रीय कार्य को समय पर पूरा करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वितरित किए गए फॉर्मों को वापस एकत्रित करने और उनके संपूर्ण डिजिटाइजेशन का कार्य आगामी 14 जुलाई तक अनिवार्य रूप से पूरा किया जाना है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को इस कार्य में तेजी लाने और शुद्धता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। मास्टर ट्रेनर साकेत कुमार ने उपस्थित सभी सुपरवाइजरों और बीएलओ को बीएलओ ऐप की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने ऐप पर गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से व्यावहारिक जानकारी दी, ताकि फील्ड में कार्य करते समय किसी तकनीकी समस्या का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही निर्वाचन विभाग की ओर से आगामी चुनाव गतिविधियों और मतदाता सूची के पुनरीक्षण का पूरा शेड्यूल भी साझा किया।




नारनौल। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबोधित करते एसडीएम अनिरुद्ध यादव।

### 22 सितंबर को मतदाता सूचियों का होगा अंतिम प्रकाशन

21 जुलाई को मतदाता सूचियों का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया जाएगा। इसके तुरंत बाद आम जनता के लिए 21 जुलाई से लेकर 20 अगस्त तक नए नाम जुड़वाने, कटवाने या संशोधन के लिए दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करने का समय दिया जाएगा। इन प्राप्त होने वाले सभी दावों और आपत्तियों का निपटारा प्रशासन की ओर से 21 जुलाई से 18 सितंबर के बीच नियमानुसार सुनिश्चित किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद 22 सितंबर को मतदाता सूचियों का अंतिम व आधिकारिक प्रकाशन किया जाएगा। इस मौके पर चुनाव तहसीलदार सुरेंद्र सिंह, निर्वाचन कानूनगो राकेश कुमार के अलावा बीएलओ व सुपरवाइजर मौजूद थे।

## गोशाला में पहुंचकर युवाओं ने की सेवा

**नारनौल।** युवा साथी ग्रुप हरियाणा एवं उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा की नांगल चौधरी टीम ने मानव सेवा के साथ-साथ गोसेवा का संदेश देते हुए बाबा मुकंददास गोशाला में पहुंचकर गायों की सेवा की। इस दौरान टीम के सदस्यों ने गोशाला में गायों को हरा चारा खिलाया और उनके स्वास्थ्य एवं देखभाल की जानकारी भी ली। टीम के सदस्य गुल्लू पंडित ने कहा कि गोसेवा भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। गोशालाओं में जाकर गायों की सेवा करने से न केवल पुण्य की प्राप्ति होती है, बल्कि समाज में जीवों के प्रति करुणा और संवेदनशीलता का भाव भी बढ़ता है। इस सेवा कार्य में योगेश सैनी, गुल्लू पंडित, मनोज राजपूत, लक्ष्य, वंश, नितिन सैनी, सरवन और मंजीत ठाकुर ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर मनोज राजपूत ने कहा गोसेवा हमारे संस्कारों की पहचान है। हमें समय-समय पर गोशालाओं में जाकर गायों की सेवा करनी चाहिए।



## जिला शिक्षा अधिकारियों के साथ बोर्ड अध्यक्ष एवं सचिव ने की वर्चुअल बैठक

# भावी अध्यापक बनने के लिए 12793 अभ्यर्थी देंगे एचटेट परीक्षा, लेवल-1 में कम अभ्यर्थी

■ पुरुषों से ढाई गुणा ज्यादा महिलाएं देंगी एचटेट परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2025 जिले में चार व पांच जुलाई को होगी। इसके लिए जिले में 14 परीक्षा सेंटर स्थापित किए जा रहे है। इन सेंटरों पर 12 793 अभ्यर्थी एचटेट परीक्षा देंगे।

सर्वाधिक महेंद्रगढ़ क्षेत्र में 10 और नारनौल क्षेत्र में चार सेंटर है। इन सभी में लेवल-2 में सर्वाधिक 6854, लेवल-3 में 4018 और सबसे कम लेवल-1 में 1921 अभ्यर्थी शामिल है। महिला अभ्यर्थियों को मंगलसूत्र पहनने, बिन्दी व सिंदूर लगाने की ही छूट होगी। अन्य किसी प्रकार के आभूषण जैसे अंगूठी, चैन, बालियां इत्यादि ले जाने की स्वीकृति नहीं होगी। सिख अभ्यर्थियों को धार्मिक आस्था के चिह्न ले जाने की अनुमति होगी। इस एचटेट परीक्षा के अभ्यर्थी आज सायं से बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in के माध्यम से अपने आवंटित परीक्षा की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र बाद में जारी किए जाएंगे।

### उड़नदस्तों की नियुक्ति

बोर्ड अध्यक्ष शंकरलाल धूपड़ ने वीरवार प्रेस कॉन्फ्रेंस ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को संबोधित करते हुए एचटेट परीक्षा-2025 के सुसंचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी पूर्ण ईमानदारी व कर्तव्य परायणता से कार्य करें। परीक्षा केन्द्रों की निरीक्षण व्यवस्था को चाक-चौबंद किया गया है। नकल व अन्य अनियमितताओं पर सख्ती से रोक लगाने के लिए प्रभावशाली उडनदस्तों की नियुक्ति की जा रही है। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर बोर्ड की ओर से एक-एक अधिकारी/कर्मचारी/प्रतिनिधि तथा जिला प्रशासन की ओर से भी एक-एक प्रशासनिक/राजपत्रित अधिकारी की नियुक्ति की गई है। शिक्षा अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा से पूर्व जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में प्रमुख केन्द्र अधीक्षक, केंद्र अधीक्षक व प्रशासनिक/राजपत्रित अधिकारियों की तिथि, समय एवं स्थान सुनिश्चित करते हुए एक बैठक का आयोजन करवाएंगे तथा उसकी सूचना बोर्ड कार्यालय को देंगे ताकि बोर्ड द्वारा एक-एक अधिकारी भेजा जा सके।

### डीईओ कार्यालय में स्थापित होगा कंट्रोल रूम

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तीन से पांच जुलाई तक एक कंट्रोल रूम स्थापित होगा। इस कंट्रोल रूम पर डीईओ एक अधिकारी, दो सहायक/लिपिक तथा एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को नियुक्त करेंगे। कंट्रोल रूम पर नियुक्त अधिकारी बोर्ड मुख्यालय पर स्थापित कंट्रोल रूम से सीधा संपर्क बनाए रखेंगे। नियुक्त किए गए अधिकारी/कर्मचारियों की सूची बोर्ड मुख्यालय पर स्थापित नियंत्रण कक्ष में अवश्य भेजी जानी है। कंट्रोल रूम जिले की सभी उड़नदस्तों की निरीक्षण रिपोर्ट लेने उपरांत, रिपोर्ट को कंसोलिडेट करते हुए परीक्षा वाले दिन ही बोर्ड में स्थापित नियंत्रण कक्ष को भेजना सुनिश्चित करेंगे।

| सेंटर का नाम | लेवल 3 | लेवल 2 | लेवल 1 |
|---|---|---|---|
| नारनौल क्षेत्र | | | |
| बीपीएस स्कूल, कुलताजपुर रोड | 0 | 600 | 0 |
| राजकीय महिला कॉलेज नारनौल | 0 | 600 | 0 |
| डीएवी स्कूल, कुलताजपुर रोड | 0 | 600 | 0 |
| यदुवंशी स्कूल पटीकरा | 0 | 294 | 0 |
| महेंद्रगढ़ क्षेत्र | | | |
| राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ | 640 | 640 | 600 |
| हैप्पी एवरीग्रीन स्कूल, डुलाना रोड | 640 | 640 | 600 |
| आरपीएस स्कूल खातोद | 940 | 960 | 721 |
| बीएनडी स्कूल खातोदड़ा | 600 | 640 | 0 |
| विजय इंटरनेशल स्कूल बलाहा | 300 | 320 | 0 |
| अरावली स्कूल, माजरा खुर्द | 300 | 320 | 0 |
| सरबती स्कूल, गौशाला रोड | 300 | 320 | 0 |
| उदय कॉलेज पाली | 298 | 320 | 0 |
| राजकीय महिला कॉलेज महेंद्रगढ़ | 0 | 300 | 0 |
| संस्कार भारती डिग्री कॉलेज, पाली | 0 | 300 | 0 |
| कुल | 4018 | 6854 | 1921 |

### अशक्त अभ्यर्थियों को मिलेंगं 50 मिनट अतिरिक्त


नेत्रहीन/अशक्त अभ्यर्थियों को 20 मिनट प्रति घण्टा के हिसाब से कुल 50 मिनट अतिरिक्त समय दिया जाएगा। उड़नदस्ते/ऑब्जर्वर द्वारा समय-समय पर जैमर, बायोमेट्रिक डाटा कैप्चरिंग, विडियोग्राफी, सीसीटीवी कैमरों को चैक करना अति आवश्यक है कि वह भली-भांति कार्य कर रहे है। परीक्षा केंद्र में बिना पहचान-पत्र किसी भी अधिकारी/कर्मचारी का प्रवेश नहीं होगा, इसलिए सभी अधिकारी/कर्मचारी अपना पहचान-पत्र साथ लेकर ही परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित रहें तथा परीक्षा केंद्र पर नियुक्त स्टाफ द्वारा भी परीक्षा के दौरान गले में फोटोयुक्त पहचान-पत्र डालकर रखा जाना अनिवार्य है। फर्म की ओर से नियुक्त कर्मचारी जैसे कैमरा-मैन, बायोमैट्रिक-मैन, सीसीटीवी इत्यादि के लिए भी फोटोयुक्त पहचान-पत्र पहनना अनिवार्य है।

## गायन कला को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष होगा कार्यक्रम

# कवि गणपतराम की रचनाएं पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेंगी: जोशी

संपूर्ण जीवन समाज को दिशा देने, भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। लोक साधकों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि महेश जोशी।

आशु कवि पंडित गणपत राम की रचनाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेंगी। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज को दिशा देने, भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के प्रचार-प्रसार तथा सुदृढ़ नागरिक निर्माण के लिए समर्पित किया। उक्त विचार हरियाणा कला परिषद के उपाध्यक्ष महेश जोशी ने आशु कवि पंडित गणपत राम लोक कला संगम गढ़ी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। पंडित गणपत राम लोक संस्कृति मंच अध्यक्ष रविदत्त महाशय ने कहा कि गायन कला को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है और जनसहयोग से इसे निरंतर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। अति विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि उन्होंने स्वयं पंडित गणपत राम को सुना है और उनकी गायन शैली उच्च कोटि की थी। उन्होंने उनकी काव्य विरासत को आगे बढ़ाने के लिए पंडित गणपत राम लोक संस्कृति मंच की सराहना की। कार्यक्रम में प्रसिद्ध सांगी बाबू दान सिंह चौहान, सुभाष प्रचारी एवं दमन जहाजगढ़ ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। इसके अलावा परमानंद शर्मा झगडोली वाले, कपिल शास्त्री, हरिसिंह गुर्जर, संतोष सोहासरा, संजय पाठक, अमित अटेला, महेश शर्मा, राजेश थुराना सहित अनेक कवियों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक, प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य कृष्ण शर्मा, साहित्यकार एवं समाजसेवी राधेश्याम गोमला, राजेश शर्मा, चतुर्भुज भारद्वाज, सुधीर दीवान, ब्राह्मण सभा प्रधान दिनेश चंद्र वैद्य तथा जांगिड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान राजेश जांगिड़ ने भी कला एवं संस्कृति के प्रचार-प्रसार में आशु कवि पंडित गणपत राम के योगदान को याद किया। मंच के संरक्षक मनोज शर्मा एवं कोषाध्यक्ष हनुमान गौतम ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

### कई भाषाओं के ज्ञाता थे पंडित गणपतराम

आशु कवि पंडित गणपतराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे बचपन से ही प्रतिभाशाली एवं कई भाषाओं के ज्ञाता थे। सरल और सहज स्वभाव के धनी पंडित गणपत राम ने हरियाणा सहित विभिन्न प्रदेशों में तात्कालिक कविताओं का गायन किया तथा अनेक संस्थाओं द्वारा सम्मानित हुए। उन्होंने बताया कि पिछले लगभग दस वर्षों से उनकी पुण्यतिथि पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है तथा 17वीं पुण्यतिथि पर सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में डॉ. मनोज गौतम, ब्राह्मण सभा के सचिव एडवोकेट नरेश शर्मा, विश्वनाथ मिश्र, ओम प्रकाश सैनी, उदयभान धुलवा, गोपी राम पचेरी, रविंद्र यादव, कृष्ण बेवल, राजकुमार बसई, हरीश भारद्वाज, रामचंद्र कौशिक, हेडमास्टर नरेश शर्मा, पूर्व सरपंच ललित गढ़ी, नवल सिंह, डॉ. नरेश सिंह, पूर्व सरपंच ओमपाल सिंह ठेकेदार, गौशाला प्रधान लीलू सिंह, कबुल सिंह नंबरदार, सुनील लटीवाल, अमित स्वामी, सुरेश, शेर सिंह, नरेंद्र, जडेजा, महा सिंह, गुलशन सहित राजस्थान व अन्य प्रदेशों से आए काव्य प्रेमियों ने पूरी रात लोक कला संगम का आनंद लिया।

### पेपर लीक के खिलाफ अटेली में होगा प्रदर्शनः महेंद्र सिंह



मंडी अटेली। पेपर लीक की लगातार सामने आ रही घटनाओं को लेकर कांग्रेस अब सड़कों पर उतरने की तैयारी में है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह रातां ने कहा कि अटेली में जल्द ही पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। पेपर लीक सिर्फ एक परीक्षा की समस्या नहीं है, बल्कि यह देश के करोड़ों मेहनती व प्रतिभाशाली युवाओं के सपनों के साथ खुला खिलवाड़ है। उन्होंने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि नकल माफिया और भ्रष्टाचार के कारण पूरी शिक्षा व्यवस्था चरमरा चुकी है। आज का युवा दिन-रात मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है, लेकिन बार-बार पेपर लीक जैसी घटनाएं उसकी मेहनत पर पानी फेर देती हैं। इससे युवाओं में निराशा और आक्रोश बढ़ रहा है। कांग्रेस नेता ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने में पूरी तरह विफल रही है। शिक्षा व्यवस्था को माफियाओं के हवाले कर दिया गया है, जिससे युवाओं का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है।



महेंद्रगढ़। शिविर में जांच करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## नवजीवन अस्पताल ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

तुलाराम चौक स्थित नवजीवन अस्पताल राव की ओर से गांव खुडाना स्थित राजपूत धर्मशाला में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर गांव की सरपंच अंजू बाई, ओमपाल सिंह ठेकेदार, ललित सिंह अध्यक्ष मां भवानी सेवा समिति एवं समस्त खुडाना के सहयोग से आयोजित किया गया।

शिविर में 80 से अधिक ग्रामीणों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया। इस दौरान मरीजों की बीपी एवं शुगर की जांच, स्वास्थ्य परीक्षण तथा आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। साथ हीं शिविर में पंजीकरण करवाने वाले मरीजों को एक माह तक नवजीवन हॉस्पिटल में निःशुल्क ओपीडी सुविधा प्रदान की जाएगी। शिविर में नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनू कुमार यादव तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीषा यादव ने अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान करते हुए मरीजों की स्वास्थ्य जांच की तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। विशेष रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी विशेषज्ञ परामर्श एवं परीक्षण किया गया। नवजीवन हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. उमेश तंवर बसई ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे। अंत में नवजीवन हॉस्पिटल ने सरपंच अंजू बाई, ओमपाल सिंह ठेकेदार, ललित सिंह तथा नवजीवन हॉस्पिटल के स्टाफ सदस्य मोनिका एवं साहिल का शिविर में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### न्यूज डायरी

### प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून, ब्याज माफी का उठाएं लाभ

मंडी अटेली। नगर पालिका अटेली मंडी के सचिव प्रशांत पाराशर ने शहर के नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। पालिका ने सभी संपत्ति कर (प्रॉपर्टी टैक्स) धारकों से अपील की है कि वे अपना बकाया टैक्स जल्द से जल्द जमा करवाएं। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नागरिक किसी भी कार्य दिवस पर सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक कार्यालय में आकर अपना टैक्स जमा कर सकते हैं।करदाताओं के लिए राहत की बात यह है कि 30 जून तक बकाया राशि जमा करवाने पर ब्याज में पूरी छूट दी जा रही है। सचिव ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित तिथि 30 जून तक टैक्स जमा नहीं कराया गया तो हरियाणा नगर पालिका अधिनियम 1973 के प्रावधानों के तहत संबंधित संपत्ति मालिकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अधिक जानकारी या किसी भी प्रकार की सहायता के लिए नागरिक सीधे नगर पालिका कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। समय रहते टैक्स जमा कर भारी जुर्माने से बचें।

### समाज कल्याण विभाग के नशामुक्त भारत अभियान के तहत दिलाई शपथ

नारनौल/महेन्द्रगढ़। समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिले के विभिन्न स्थानों पर नशे के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों का उददेश्य युवाओं व आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करन तथा उन्हें नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इसी कड़ी में प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बलाना में आयोजित जिला स्तरीय एनसीसी कैंप तथा नशा मुक्ति केन्द्र नारनौल में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया। प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य वक्ता कमलेश बहन ने उपस्थित जनों को नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए नशा न करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर विभाग के पूर्व सहायक हनुमान सिंह, एनसीसी कैम्प में उप अधीक्षक धर्मेन्द्र कुमार, अरूण कुमार, अंजू, ममता, दिनेश कुमार, रामनिवास, कृष्णा, अनेका, सोमन, मनोज कुमार, पूर्व सहायक हनुमान सिंह, धीरज कुमार, सुरेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

### सुपरवाइजरों व बीएलओ का प्रशिक्षण शिविर

नांगल चौधरी। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम उदय सिंह की अध्यक्षता में पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल चौधरी में 71 नांगल चौधरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सुपरवाइजरों व बीएलओ को मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। एसडीएम ने सभी सुपरवाइजरों और बीएलओ को पूरी पारदर्शिता तथा जिम्मेदारी के साथ इस राष्ट्रीय कार्य को समय पर पूरा करने की सख्त हिदायत दी। इस मौके पर तहसीलदार निशा, निजामपुर बीडीपीओ अशोक कुमार, नांगल चौधरी बीडीपीओ इशांत, बीईओ विकास जगदीप मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### बापडोली में नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन का उद्घाटन



नारनौल। जिला आयुर्वेद विभाग के तत्वावधान में वीरवार बापडोली के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं की एक बड़ी सौगात मिली। गांव में नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ शशी बाला ने रिबन काटकर किया। नए भवन के लोकार्पण के साथ ही परिसर में बुजुर्गों के स्वास्थ्य को समर्पित एक विशेष निशुल्क आयुष वृद्धावस्था चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। नवनिर्मित भवन के प्रांगण में आयोजित इस निशुल्क चिकित्सा शिविर में पहुंचे 44 वृद्ध एवं वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में डॉ मनीषा शर्मा ने सभी मरीजों की गहन चिकित्सा जांच की और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिए। जांच के उपरांत विभागीय टीम द्वारा मरीजों को वात, पित्त, कफ एवं अन्य वृद्धावस्था जनित रोगों से बचाव के लिए निशुल्क आयुर्वेदिक औषधियां भी वितरित की गईं। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शशि बाला ने कहा कि इस आधुनिक और नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन के प्रारंभ होने से अब क्षेत्र के लोगों को उनके घर के समीप ही बेहतर, गुणवत्तापूर्ण और सुगम आयुष स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने आयुर्वेद की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयुर्वेद और योग केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने का मजबूत आधार हैं।

## बैठक में किया बसपा की नीतियां जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। डॉ. भीमराव आम्बेडकर व कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते बसपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

बहुजन समाज पार्टी हलका अटेली के तत्वावधान में गांव पड़तल में विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र रामबास ने की। जिसका शुभारम्भ सभी कार्यकर्ताओं ने भारत रतन डॉ. भीमराव अम्बेडकर व बसपा के संस्थापक कांशीराम के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर बहुजन समाज पार्टी जिंदाबाद के जयघोष के साथ किया।

मुख्य अतिथि हरियाणा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह जाजौरिया व ठाकुर अतरलाल ने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति के मिश्रण को लेकर निरंतर कार्य कर रही है तथा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष प्रमोद कटारिया व लोकसभा प्रभारी प्रमोद वालिया ने पार्टी के दिशा अनुसार संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान व बूथ कमेटियां गठन करने का भरोसा दिया। बैठक में कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती और पार्टी कार्यक्रमों की सफलता के लिए जनअभियान तथा जनआंदोलन चलाने का निर्णय लिया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रमोद कटारिया, भागसिंह चेयरमैन, जिला उपाध्यक्ष जयसिंह यादव, विधानसभा उपाध्यक्ष सीताराम जांगड़ा, विधानसभा महासचिव तुषार तायल, राजपाल रंगा, पवन, सतीश कुमार, भूपेन्द्र सिंह, नरेन्द्र शर्मा, बलजीत, करण सिंह एडवोकेट आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### कनीना की पुरानी अनाज मंडी की बदहाल सड़क से राहगीर परेशान

कनीना। कनीना की पुरानी अनाज मंडी की खस्ताहाल सड़क इन दिनों राहगीरों, किसानों और व्यापारियों के लिए भारी परेशानी का सबब बनी हुई है। आलम यह है कि मंडी के एक गेट से लेकर दूसरे गेट तक सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। पिछले एक साल से इस सड़क की सुध लेने वाला कोई नहीं है, जिससे लोगों का यहां से पैदल गुजरना भी दूभर हो गया है। वाहन चालकों, स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क निर्माण की गुहार लगाई है। बता दें कि पुरानी अनाज मंडी शहर का एक प्रमुख व्यापारिक और कृषि केंद्र है। यहां प्रतिदिन अत्यधिक संख्या में लोगों और वाहनों की आवाजाही होती है। पिछले लगभग एक वर्ष से यह मार्ग जर्जर अवस्था में पड़ा है। पूरी सड़क पर डामर गायब हो चुका है और उसकी जगह बड़े-बड़े गड्ढों ने ले ली है। जरा सी बारिश होने पर इन गड्ढों में पानी जमा हो जाता है। जलभराव के कारण दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वाले राहगीरों के चोटिल होने का खतरा हर समय बना रहता है।

## अब तक 3.88 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने करवाया रजिस्ट्रेशन

# सीईटी ग्रुप-डी परीक्षा को लेकर युवाओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। रजिस्ट्रेशन करवाते अभ्यर्थी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित होने वाली सीईटी ग्रुप-डी परीक्षा को लेकर प्रदेश के युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू होने के कुछ ही दिनों में लाखों युवाओं ने पंजीकरण कर रोजगार के प्रति अपनी गंभीरता और उत्साह का परिचय दिया है। एचएसएससी के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से जानकारी साझा करते हुए बताया कि सीईटी ग्रुप-डी के लिए अब तक 3,88,551 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें से 2,14,699 उम्मीदवार अपने आवेदन फॉर्म को सफलतापूर्वक फाइनल सबमिट भी कर चुके है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि प्रदेश के युवा सरकारी सेवाओं में योगदान देने के लिए पूरी लगन और उत्साह के साथ तैयारी कर रहे हैं। चेयरमैन ने अभ्यर्थियों से विशेष अपील करते हुए कहा कि वे अपने आवेदन फॉर्म स्वयं भरें। किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचने के लिए फाइनल सबमिट करने से पहले सभी जानकारियों की अच्छी तरह जांच अवश्य करें। उन्होंने कहा कि सही जानकारी और आवश्यक दस्तावेजों के साथ भरा गया आवेदन ही भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी से बचा सकता है।

### अफवाहों से दूर रहने की अपील

उन्होंने युवाओं से सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर फैल रही अफवाहों से दूर रहने की भी अपील की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अभ्यर्थी केवल आयोग द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं और नोटिसों पर ही विश्वास करे। किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी पर भरोसा करने से नुकसान हो सकता है। आयोग समय-समय पर अपनी आधिकारिक वेबसाइट और अधिकृत माध्यमों से सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं जारी करता है।

### परीक्षा उम्मीदों का नया द्वार

हिम्मत सिंह ने कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग हमेशा अभ्यर्थियों के साथ खड़ा है और उनकी सुविधा तथा पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने युवाओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में हो रहे रजिस्ट्रेशन यह साबित करते है कि प्रदेश का युवा वर्ग अपने भविष्य को लेकर जागरूक और प्रतिबद्ध है। युवाओं का मानना है कि सीईटी प्रणाली भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रोजगार की तलाश कर रहे लाखों युवाओं के लिए यह परीक्षा उम्मीदों का नया द्वार बनकर सामने आई है।



### समाधान शिविर में 63 नागरिकों ने रखी समस्याएं

नारनौल। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार लगाए जा रहे समाधान शिविरों की कड़ी में वीरवार को लघु सचिवालय में 63 नागरिकों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखी। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद निर्मल नागर ने शिकायतें सुनी। शिविर में मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, बिजली-पानी, पुलिस संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जिला स्तर पर लघु सचिवालय व उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। इस मौके पर नगराधीश डॉ. मंगल सेन, डीएसपी भारत भूषण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।